# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12 दिसंबर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- महाकुंभ से पहले विकास की सौगात देने कल प्रयागराज आयेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। तैयारियों का जायजा लेने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा आज।
- ईंट बनाने में हो नदियों के किनारे की मिट्टी, बालू और सिल्ट का प्रयोग। भूतत्व और खनिकर्म विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये निर्देश।
- प्रदेश विधानमण्डल का शीतकालीन सत्र सोलह दिसम्बर से। सत्रह दिसम्बर को अनुपूरक बजट पेश करेगी सरकार।
- यूपी पीसीएस दो हजार चौबीस की प्रारम्भिक परीक्षा के लिये प्रवेश पत्र जारी। बाइस दिसम्बर को प्रदेश के एक हजार तीन सौ इकतीस केन्द्रों पर होगी परीक्षा। सभी जिलों में बनाये गये परीक्षा केन्द्र।

**********

महाकुंभ दो हजार पच्चीस के पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रयागराज का दौरा कर करीब सात हजार करोड़ रूपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें प्रमुख रूप से किला स्थित अक्षयवट, समुद्रकूप कॉरिडोर, हनुमान मंदिर कॉरिडोर, श्रृंगवेरपुर धाम कॉरिडोर और भरद्वाज आश्रम कॉरिडोर शामिल हैं। प्रधानमंत्री महाकुंभ से जुड़ी रेलवे की भी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारम्भ करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रयागराज पहुंच कर महाकुंभ और प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री आज सेक्टर एक मेला क्षेत्र में बने केन्द्रीय चिकित्सालय का उद्घाटन करने के साथ ही प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी करेंगे। महाकुंभ और प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पन्द्रह दिनों के भीतर आज तीसरी बार प्रयागराज पहुंचेंगे।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन के प्रतिभागियों से संवाद करते हुए कहा कि नई तकनीक के समावेश से ही विकसित भारत का विकास हो सकता है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी का किसी भी समस्या को समाधान करने का नज़रिया अलग होता है।

***स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के इस ग्रैंड फिनाले का मुझे बहुत इंतजार था। जब भी आप जैसे युवा इन्नोवेटर्स के बीच आने का अवसर मिलता है, मुझे भी बहुत कुछ जानने का सीखने का समझने का मौका मिलता है। आप सभी से मेरी अपेक्षाएं भी बहुत होती हैं। आप सभी युवा इनोवेटर्स के पास इक्कीसवीं सदी के भारत को देखने का नजरिया कुछ अलग है।***

केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सातवें हैकेथॉन के ग्रैंड फिनाले के अवसर पर कहा यह आयोजन छात्रों को नवाचार और तकनीकी समाधान ढूंढने का मौका देगा। हैकेथॉन के अंतिम चरण में करीब एक हजार तीन सौ टीमें हिस्सा ले रही हैं। यह दो दिवसीय आयोजन लखनऊ, गाज़ियाबाद और मेरठ के एक–एक और गौतमबुद्धनगर के दो केंद्रों समेत देश के इक्यावन केन्द्रों पर हो रहा है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर बैठक कर भूतत्व और खनिकर्म विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने नदियों के किनारे की मिट्टी, बालू और सिल्ट का प्रयोग ईंट बनाने में करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। अभी ईंट बनाने के लिये भट्ठा मालिक उपजाऊ जमीन की मिट्टी का प्रयोग करते हैं, इससे खेतों में गड्ढे हो जाते हैं। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नदी के कैचमेंट क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन नहीं होना चाहिए। तकनीक का उपयोग करते हुए अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वीकृत खनन क्षेत्र के अन्दर खनन कर रहे वाहनों में व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाय, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि खनन स्वीकृत क्षेत्र में हो रहा है या नहीं। बैठक में मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में खनन से दो हजार चार सौ सात करोड़ बीस लाख रूपये राजस्व की प्राप्ति हुयी है।

**********

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कल गौतमबुद्ध नगर के इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में बाउमा कॉन एक्सपो इंडिया दो हजार चौबीस के सातवें संस्करण का उद्घाटन किया। चौदह दिसम्बर तक चलने वाले इस एक्सपो में निर्माण और खनन क्षेत्रों से जुड़ी आधुनिक मशीनरी का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में एक हजार से अधिक प्रदर्शक, बीस हजार से अधिक उत्पाद और लाइव मशीनरी के प्रदर्शन शामिल हैं।

इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने कहा कि सरकार पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ एक आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए समर्पित है। श्री गडकरी ने कहा कि आज इंडस्ट्री के मामले में दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत में कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में जिन मशीनों का निर्माण किया जा रहा है, उन्हें विदेशों में भी मंगवाया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में हमारी लॉजिस्टिक्स लागत चौदह से सोलह प्रतिशत है और मैं आश्वस्त कर सकता हूं कि दो साल के भीतर हमारी लॉजिस्टिक्स लागत नौ प्रतिशत हो जाएगी।

**********

प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र सोलह दिसंबर से शुरू होकर बीस दिसंबर तक चलेगा। राजभवन से इसकी अधिसूचना जारी हो गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार सोलह दिसंबर को औपचारिक काम के साथ अध्यादेश, अधिसूचनाएं, नियम आदि विधानसभा के पटल पर रखे जाएंगे। इसके साथ ही विधायी कार्य भी होंगे। सत्रह दिसंबर को वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का दूसरा अनुपूरक बजट दोनों सदनों में पेश किया जाएगा। अट्ठारह दिसंबर को अनुपूरक बजट की अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद इसे पारित कराया जाएगा।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कल नई दिल्ली में बरेली की भरतौल ग्राम पंचायत और मुरादाबाद की मिलक अमावटी ग्राम पंचायत समेत पैंतालीस लोगों को अलग–अलग श्रेणियों में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए। यह पुरस्कार पंचायती राज संस्थानों के जमीनी स्तर पर समावेशी और सतत विकास को आगे बढ़ाने के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए प्रदान किए गए। बरेली की भरतौल ग्राम पंचायत को बच्चों के लिए अनुकूल होने पर दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं मुरादाबाद की मिलक अमावटी ग्राम पंचायत को कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पंचायतों को अपने राजस्वों के स्त्रोत विकसित कर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए।

***आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए। ये आत्मनिर्भरता ग्राम सभाओं को आत्मबल और देश को सौबल प्रदान करेंगे। मतदाता अपने जनप्रतिनिधियों को बहुत ही भरोसे के साथ चुनते हैं। इसीलिए जनप्रतिनिधियों का एक कर्तव्य है कि के इस विश्वास को। अपने व्यवहार और कार्य से बनाए रखें और निर्भिकता से अपने कार्य को करें।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली और मुरादाबाद की ग्राम पंचायत को राष्ट्रपति की ओर से राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार मिलने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि दोनों ग्राम पंचायतों के सराहनीय कार्य सभी को प्रेरित करेंगे।

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने बाइस दिसम्बर को प्रस्तावित पीसीएस दो हजार चौबीस प्रारम्भिक परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं। अभ्यर्थी अपने ओटीआर नम्बर के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकते हैं। पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा के लिये प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों में पांच लाख छिहत्तर हजार एक सौ चौवन अभ्यर्थियों के लिये एक हजार तीन सौ इकतीस केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा अध्यादेश के प्रावधानों के अन्तर्गत अभ्यर्थियों को केन्द्र आवंटित किये गये हैं। पुरूष अभ्यर्थियों को अपने मण्डल के बाहर नजदीक के मण्डल में परीक्षा केन्द्र दिया गया है। वहीं, महिला अभ्यर्थियों के लिये मण्डल के अन्दर गृह जनपद से अलग दूसरे जनपद में केन्द्र आवंटित किया गया है। दिव्यांग अभ्यर्थियों के केन्द्र उनके गृह जनपद में ही बनाये गये हैं।

**********

प्रदेश सरकार ने माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधीन सभी सेवाओं में हड़ताल को तात्कालीक प्रभाव से छः माह के लिये निषिद्ध कर दिया है। इस सम्बन्ध में प्रदेश शासन के माध्यमिक शिक्षा अनुभाग दो के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार द्वारा अधिसूचना जारी की गयी है। यह कदम माध्यमिक शिक्षा परिषद से जुड़ी सेवाओं में किसी भी सम्भावित हड़ताल के कारण उत्पन्न होने वाली अव्यवस्था को रोकने और शिक्षण तथा परीक्षा गतिविधियों को सुचारू बनाये रखने के उद्देश्य से उठाया गया है।

**********